Need to provide financial assistance to compensate the damage caused to property and crops due to heavy rains in Buldhana Parliamentary Constituency - laid

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): जैसा कि सभी को ज्ञात है कि देश भर में इन दिनों भारी बरसात और प्राकृतिक आपदाओं के कारण जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। कुछ जगहों पर तो ऐसा भयंकर मंजर दिखाई दिया कि आंखे नम हो जाती है और अनायास ही प्रभु का नाम जुबान पर आ जाता है। इसी तरह मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में भी बरसात के कारण काफी भयावह स्थिति उत्पन्न हो चुकी है, जिसको शब्दों में बयान करना बहुत ही कठिन है। मेरे क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। आपको अवगत कराना चाहता हूं कि दिनांक 18 जुलाई से 20 जुलाई, 2023 तक मेरे बुलढाणा क्षेत्र के मलकापुर, शेगांव, जलगांव, नांदुरा, जलगांव जामोद, संग्रामपुर जिलों में बारिश में भंयकर तबाही मचाई है। इन क्षेत्रों में कापूस, सोयाबीन, मक्का, तूर, मूंग, उड़द, केला, संतरा, सब्जियां इत्यादि की फसलें तैयार की जाती हैं, जो कि बरसात के कारण पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि बरसात का पानी सतपुड़ा के पर्वतों से बहकर इन क्षेत्रों में प्रवेश कर गया जिससे यह क्षेत्र पूरा पानी-पानी हो गया । इसी कारण लगभग 152413 हैक्टेयर भूमि पर फसलें नष्ट हो गई हैं और लगभग 12264.00 हैक्टेयर भूमि पूरी तरह से बरसात के पानी में बह चुकी हैं। कुल मिलाकर 164,677.00 हैक्टेयर भूमि पर बरसात का कहर टूटा है। इस आपदा में लोंगों के घर, पशु एवं अन्य जरूरत की चीजें भी बरसात के पानी में बह चुकी हैं। लोग बेघर हो चुके हैं। मेरे क्षेत्र के लोगों का जीवन-यापन करना मुश्किल हो गया है। यहां पर यह बताना भी आवश्यक हो जाता है कि प्रभावित क्षेत्रों में आदिवासी बहुल जनसंख्या भी है, जो कि आर्थिक रूप से भी पिछड़े हुए हैं। कई गांवों का संपर्क भी टूट चुका है। रास्तों की हालत बेहद ही जीर्ण शीर्ण हो चुकी है, जिससे यहां के लोग कठिन जीवन जीने पर मजबूर हो गये हैं। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा के जिलों में भयंकर बरसात के पानी के कारण हुए फसलों, जमीन एवं घरों तथा पशुओं के नुकसान की भरपाई के रूप में केन्द्र सरकार एक विशेष पैकेज के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करे ताकि मेरे क्षेत्र के प्रभावित लोग पुन: अपना जीवन शुरू कर सकें ।